>

Title: Regarding need to provide financial assistance to farmers in Rajasthan whose crops have been damaged due to frost and cold-waves in the region.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : महोदय, राजस्थान में रबी मौसम की सभी फसलों पर शीतलहर और पाला पड़ने से बहुत नुकसान हुआ है। इसे प्राकृतिक आपदा मानते हुए राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से प्रभावित किसानों को तत्काल विशेष सहायता दिया जाना अत्यावश्यक है। राष्ट्रीय आपदा राहत कोष अधिसूचित सूची में शीतलहर व पाला से होने वाले नुकसान को शामिल करें। इस शीतलहर से राजस्थान में सरसों, जौ, धनिया, चना, इसबगोल और सब्जियों आदि की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है और कई जिलों में तो ये खेती पूरी तरह से नष्ट हो गई है। राज्य सरकार ने गिरदावरी के पश्चात अनुमान लगया है कि 200 करोड़ रूपये की मुआवजा राशि शीघ्र आबंटित की जाए जिससे कि किसानों को शीघ्र सहायता उपलब्ध करवायी जा सके।

इसलिए मेरी इस सदन के माध्यम से सरकार से मांग है कि वर्तमान में राज्य सरकार को किसी प्रकार से यह अतिरिक्त राशि आबंटित की जाए।